>

Title: Regarding implementation of J.N.N.U.R.M. scheme in Meerut in Uttar Pradesh.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ): सभापति जी, अभी उत्तर प्रदेश में एनआरएचएम में जो घोटाला हुआ, उसकी सीबीआई जांच कर रही है और मुझे ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार की एक और योजना सीबीआई जांच के लिए इंतजार कर रही है। मैं जेएनएनआरयूएम का जिक्र कर रहा हूं। मेरठ में इस योजना के अंतर्गत सीवर लाइन डाली जा रही है और उसमें अनियमितताएं इतनी व्यापक हैं कि उनकी जांच आवश्यक है। सबसे पहले, इस काम का ठेका ऐसी कंपनी को दिया गया, जिसकी कोई विशेषज्ञता इस क्षेत्र में नहीं थी। भूतल परिवहन तथा सड़क अभियांत्रिकी में उसकी विशेषज्ञता थी। किसी प्रकार का पूर्व सर्वे नहीं किया गया, जो कंटूर प्लान था, उसके आधार पर गढ्ढे खोदने की योजना बनाई गयी और हालत यह है कि जगह-जगह पर सीवर लाइन के रास्ते रुक जाते हैं तथा काम पूरा होने में विलंब हो रहा है।

सभापति जी, जब पाइप दस फिट नीचे डाला जाता है, तो एक नियम है कि नीचे कंक्रीट का बेड बनाया जाना चाहिए। इस प्रकार का कोई बेड नहीं बनाया गया, इसलिए आशंका है कि जब कभी यह सिस्टम काम में लिया जाएगा, तो ठीक से काम नहीं कर पाएगा। मिट्टी भरते समय एक-एक फिट ऊंची लेयर को ठीक से जमाना होता है, वाइब्रेटर का उपयोग करना होता है, इस प्रकार का कोई इंतजाम नहीं किया गया। उनके जो ज्वाइंट्स हैं, उनको ठीक से जोड़ा नहीं गया, उनकी ठीक से टेस्टिंग नहीं की गयी और उसी के ऊपर सड़क बना दी गयी। हालत यह है कि मिट्टी का ठीक प्रकार से भराव न किए जाने के परिणामस्वरूप अगर उसके ऊपर कोई भी गाड़ी चलती है, तो सड़क बैठ जाती है। पूरे शहर के अंदर गढ्ढे खोदकर सड़कों को बर्बाद कर दिया गया है। जिसमें जो स्टेक-होल्डर्स हैं, वे स्थानीय प्रतिनिधि हैं, पार्षद हैं, मेयर हैं, विधायक हैं, सांसद हैं एवं अन्य लोग भी हैं, जिनकी कभी मीटिंग नहीं हुई और इस कारण एक प्रकार से मनमर्जी करते हुए अधिकारियों ने इस योजना में बहुत घोटाला किया है, जिसके कारण शहर को लाभ होने के स्थान पर नुकसान होने की आशंका है। मार्च, 2012 तक इस योजना को पूरा होना था, वर्ष 2012 अन्त होने वाला है, मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि सरकार सम्पूर्ण योजना की जांच कराएं। इसके अंदर जो भ्रष्टाचार व्याप्त है, उसकी सीबीआई से जांच कराई जाए। पूरे प्रदेश के अंदर इस प्रकार की अनियमितताओं की शिकायतें हैं जिनकी सीबीआई से जांच कराई जाए। इतना ही मुझे आपसे निवेदन करना है।